बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0,
7, सरदार पटेल मार्ग–पटना–15

Doc. No:- BRPNNL/HQA / C00/ 233	Dt ...23/09/2026	Page No..../...

।। कार्यालय आदेश ।।

पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत भारत–नेपाल सीमा सड़क परियोजना के चैनेज संख्या–23.650 कि0मी0 से 23.710 कि0मी0 पर उच्चस्तरीय आर0सी0सी0 पुल निर्माण कार्य के संवेदक M/s Ranvir Nirman Pvt. Ltd., Satyendra Narayan Singh, Viil – Chargharwa, P.O. – Dumariya, Panch – Dhokraha, Block – Ramnagar, District – Pashchim Champaran, Pin - 845103 (निबंधन संख्या–BRPNNL/1453/2025 (1st Class) को आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि दिनांक–21.07.2025 तथा कार्य समाप्ति की तिथि दिनांक–20.01.2027 है। विदित हो कि कार्य प्रारंभ होने के लगभग 12 माह बीत जाने के उपरान्त संवेदक द्वारा केवल पाईलिंग का कार्य ही पूर्ण किया गया है, जो कार्य की प्रगति की दृष्टि से अत्यंत ही असंतोषजनक है। वरीय परियोजना अभियन्ता, कार्य प्रमंडल, चम्पारण (मोतिहारी) द्वारा लगातार पत्रों के माध्यम से कार्य के प्रगति में तेजी लाने एवं निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के अन्दर पूर्ण करने हेतु संवेदक को अनेको बार निदेशित किया गया, परंतु संवेदक द्वारा कार्य की प्रगति में न तो तेजी लाया गया और न हीं कार्य के प्रति रूचि दिखाई गई है। उपरोक्त कार्य में संवेदक द्वारा कार्य में लगातार बरती जा रही उदासीनता, अत्यंत धीमी प्रगति एवं विभागीय निर्देशों के अनुपालन में विफलता के कारण वरीय परियोजना अभियन्ता, कार्य प्रमंडल, चम्पारण (मोतिहारी) एवं कार्य अंचल–1, पटना द्वारा संवेदक को डिवार करने के लिए अनुशंसा किया गया ।

अतः वरीय परियोजना अभियन्ता, कार्य प्रमंडल चम्पारण (मोतिहारी), बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 का पत्रांक–1287 (अनु0), दिनांक–03.09.2026 एवं उप मुख्य अभियन्ता, कार्य अंचल सं0–1, पटना का पत्रांक–1798 (अनु0) दिनांक–09.09.2026 द्वारा किये गये अनुशंसा के आलोक में संवेदक M/s Ranvir Nirman Pvt. Ltd., Satyendra Narayan Singh, Viil – Chargharwa, P.O. – Dumariya, Panch – Dhokraha, Block – Ramnagar, District – Pashchim Champaran, Pin - 845103 (निबंधन संख्या–BRPNNL/1453/2025 (1st Class) को पत्र निर्गत की तिथि से अगले दो वर्षो तक या उक्त परियोजना को पूर्ण होने तक (जो भी पहले हो) निविदा में भाग लेने से वंचित/डिबार किया जाता है।

ह0/–

प्रबन्ध निदेशक
बि0रा0पु0नि0नि0लि0, पटना।

ज्ञापांक–...../पटना, दिनांक–.....

प्रतिलिपिः– सचिव (योजना एवं प्रशासन)/सभी उप मुख्य अभियन्ता/सभी वरीय परियोजना अभियन्ता/वरीय योजना अभियन्ता/वरीय गुण नियंत्रण अभियन्ता, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

प्रबन्ध निदेशक
बि0रा0पु0नि0नि0लि0, पटना।

कृ0पृ0पं0.....

ज्ञापांक–...../पटना, दिनांक–.....

प्रतिलिपिः– M/s Ranvir Nirman Pvt. Ltd., Satyendra Narayan Singh, Viil – Chargharwa, P.O. – Dumariya, Panch – Dhokraha, Block – Ramnagar, District – Pashchim Champaran, Pin - 845103 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
प्रबन्ध निदेशक ·
बि0रा0पु0नि0नि0लि0, पटना।

ज्ञापांक– 2531 /पटना, दिनांक– 23/09/2026

प्रतिलिपिः–बेवसाईट प्रभारी, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

23.9.26
प्रबन्ध निदेशक
बि0रा0पु0नि0नि0लि0, पटना।
23.09.2026